चौमूं पंचायत समिति के 25 वार्डों में शाम 6 बजे तक 68.75 प्रतिशत मतदान

चौमूं पंचायत समिति के 25 वार्डों में कुल 73 प्रत्याशी मैदान में हैं, इनमें कांग्रेस और भाजपा के 25-25 उम्मीदवार हैं, जबकि आरएलपी के 14 प्रत्याशी भी किस्मत आजमा रहे हैं

चौमूं / कालाडेरा(निसं)। नवीन पंचायत समिति चौमूं के 25 वार्डों के चुनाव गुरुवार को रिटर्निंग अधिकारी चौमूं उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ के दिशा निर्देश में मतदान केन्द्रों पर उपस्थित पोलिंग पार्टी के द्वारा चुनाव शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न करवायें गए। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। गांव की सरकार चुनने के लिए सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। लोकतंत्र के इस पर्व में महिला मतदाताओं की भागीदारी भी नजर आई। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर पंचायत व्यवस्था में अपनी भूमिका निभाई। चौमूं पंचायत समिति के 25 वार्डों में 6 बजे तक 68.75 प्रतिशत मतदान दर्ज किया

जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर कर निरीक्षण किया।

- गांवों की सरकार चुनने को लेकर महिला मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

गया। पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया। मतदान प्रक्रिया पर निगरानी रखने और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया गया। मतदान केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता रही।

चौमूं पंचायत समिति के 25 वार्डों में कुल 73 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें कांग्रेस और भाजपा के 25-25 उम्मीदवार हैं, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के 14 प्रत्याशी भी किस्मत आजमा रहे हैं। कई सीटों पर आरएलपी की मौजूदगी से मुकाबला दिलचस्प बना हुआ है। चौमूं पंचायत समिति के चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। चौमूं पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टांकरडा के पोलिंग बूथ पर जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान सहाय मीणा ने पहुंचकर पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया इस दौरान चौमूं पंचायत समिति के रिटर्निंग अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार डॉ. विजयपाल बिश्नोई कालाडेरा थानाधिकारी पूजा पूनियां मौजूद थे। मतदान के बाद प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया। गौरतलब है कि नवीन पंचायत समिति चौमूं में पहला प्रधान बनाने की होड़ है, जहां कांग्रेस विधायक डॉ. शिखा मील बराला और भाजपा के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की साख दांव पर है। पंचायत समितियों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है, लेकिन रालोपा और निर्दलीय प्रत्याशी भी पीछे नहीं हैं।

'त्योहारों पर शहरी क्षेत्रों में सफाई, रोशनी एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें अधिकारी'

विकास कार्यों की गुणवत्ता, अतिक्रमण हटाने एवं संपर्क पोर्टल पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

कोटपूतली(निसं)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने शहरी क्षेत्रों में सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के विकास कार्यों, शहरी सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, अतिक्रमण, आवारा पशु, सीवरेज, सड़क, पेयजल एवं कचरा प्रबंधन की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई करवाते हुए कचरे का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए। बंद स्ट्रीट लाइटों को तत्काल दुरुस्त करवाने के साथ पार्कों, चौराहों एवं प्रमुख स्थलों का रखरखाव किया जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, सीवरेज लाइनों की समस्या तथा जलभराव की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करते हुए नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बाजारों एवं व्यस्त मार्गों पर यातायात सुचारु रखने के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा

जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने शहरी क्षेत्रों में सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।

सड़क एवं फुटपाथों से अनधिकृत अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। आवारा पशुओं के प्रभावी प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी न हो और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने और लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए त्योहारों के दौरान शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

मतदान दिवस पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

कोटपूतली(निसं)। पंचायतीराज संस्था आम चुनाव-2026 के तहत जिले में मतदान के दौरान मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के आदेश जारी कर आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार, द्वितीय चरण में कोटपूतली, नारायणपुर, पावटा एवं बानसूर पंचायत समितियों के अंतर्गत जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के निर्वाचन हेतु 28 अक्टूबर 2026 को तथा पंच एवं सरपंच पदों के निर्वाचन हेतु 30 अक्टूबर 2026 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत अवकाश रहेगा। इसी प्रकार तृतीय चरण में बहरोड़, नीमराना, विराटनगर, मैड-कुण्डला पंचायत समितियों के अंतर्गत जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के निर्वाचन हेतु 3 नवंबर 2026 को तथा पंच एवं सरपंच पदों के निर्वाचन हेतु 5 नवंबर 2026 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

पंचायती राज चुनाव के तीसरे दिन 82 नामांकन प्राप्त

टोंक(निसं)। जिले में पंचायतीराज आम चुनाव के तृतीय चरण के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया के तीसरे दिन प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की स्थिति के अनुसार जिला परिषद सदस्य के लिए 12 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी रामजीलाल शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों के लिए पीपलू में 17, पचेवर में 10, मालपुरा में 12, देवली में 13 एवं उनियारा में 18 कुल 82 नाम निर्देशन प्राप्त हुए।

प्रगतिशील महिला समिति का दीपावली मिलन समारोह 31 अक्टूबर को

अलवर(निसं)। प्रगतिशील महिला समिति की ओर से 31 अक्टूबर, शनिवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति की अल्का मित्तल एवं शचि आर्य ने बताया कि समारोह प्रात: 11 से दोपहर 12 बजे तक महिला चिकित्सालय, अलवर स्थित 'स्वावलम्बन' निराश्रित महिला अल्पावास गृह में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि समारोह में समिति के सभी सदस्यों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की है।उन्होंने बताया कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। गीत, नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने के इच्छुक सदस्यों का स्वागत है। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग कर समारोह को सुरुचिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की।

चुनावी तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता : महेश पराणा

निवाई(निसं)। आम आदमी पार्टी के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी पंचायतराज के चुनाव को लेकर चर्चा की गई एवं जीताऊ व टिकाऊ उम्मीद्वारों को टिकट वितरित किए गए। पार्टी के जिला प्रभारी महेश पराणा ने कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी जिला परिषद के चुनाव में टोंक जिले में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। पार्टी का लक्ष्य जिले की समस्त जिला परिषद की सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतरना है। उन्होंने कहा कि शेष सीटों के लिए भी प्रत्याशियों का चयन, टिकट वितरण व चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। पार्टी जल्द ही शेष सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि चुनावी बिगुल बज चुका है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता से पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारियों में जुट जाए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच रहेगी एवं संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर आगामी चुनाव में प्रभावी प्रदर्शन करेगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि बैठक में आगामी जिला परिषद के चुनाव की तैयारियों सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई।

बनवारी लाल बैरवा बने प्रदेश सचिव

निवाई(निसं)। प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद परीड़वाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलजीत सिंह ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में बनवारीलाल बैरवा को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश सचिव बनवारीलाल बैरवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली, राजेंद्रपाल गौतम, ममता भूपेश, बाबूलाल नागर, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, पुष्पेंद्र भारद्वाज व बाबूलाल सांखला का आभार व्यक्त करते हुए संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।

जिला परिषद सदस्यों के लिए 81 नामांकन पत्र दाखिल

सवाई माधोपुर, (निसं)। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद एवं बामनवास, बौली, खण्डार एवं मलारना डूंगर पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि अब तक जिला परिषद सदस्यों के लिए 69 अभ्यर्थियों ने 81 नामांकन पत्र दाखिल किए। पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए जिले की 4 पंचायत समितियों में 180 अभ्यर्थियों ने कुल 191 नामांकन पत्र दाखिल हुए। बामनवास पंचायत समिति में 44 अभ्यर्थियों ने 47 नामांकन, बौली में 57 अभ्यर्थियों ने 62 नामांकन, खण्डार में 51 अभ्यर्थियों 52 नामांकन एवं मलारना डूंगर में 28 अभ्यर्थियों ने 30 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी 23 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन रहेगा। इस दिन अपरान्ह 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।

किशनगढ़ बास : जिला प्रमुख की कुर्सी पर टिकीं तीन विधायकों व पूर्व विधायक की प्रतिष्ठा

किशनगढ़ बास(निसं)। राजस्थान के सबसे चर्चित और नए जिले खैरथल-तिजारा में पहली बार जिला प्रमुख की कुर्सी के लिए होने वाला चुनाव विधानसभा चुनाव से कम नहीं माना जा रहा है। 25 वार्डों में होने वाला यह जिला परिषद सदस्य का चुनाव सिर्फ प्रमुख की कुर्सी तय नहीं करेगा, बल्कि 2028 से पहले यह शक्ति प्रदर्शन का सेमीफाइनल होगा। इस चुनाव में तीनों विधानसभा के

किशनगढ़ बास जिला परिषद सदस्य पद के लिए प्रत्याशियों ने नांमाकन दाखिल किए।

- 25 वार्डों में बिखरा गणित, 24 नंबर वार्ड से सतीश यादव की एंट्री ने प्रमुख की कुर्सी का बदला समीकरण

मौजूदा विधायकों के साथ पूर्व विधायकों की प्रतिष्ठा सीधे-सीधे दांव पर है।

तीन विधायक, दो दल और एक जिला : जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से केवल तिजारा में भाजपा के कद्दावर नेता महंत बाबा बालकनाथ विधायक हैं, जबकि मुंडावर से ललित यादव और किशनगढ़ बास से दीपचंद खैरिया कांग्रेस के विधायक हैं। यानी जिले में कांग्रेस का पलड़ा 2-1 से भारी है। ऐसे में जिला प्रमुख का चुनाव यह तय करेगा कि जिले की कमान किस पार्टी के हाथ में रहेगी। भाजपा के लिए यह चुनाव अपनी इकलौती सीट तिजारा के प्रभाव को पूरे जिले में विस्तार देने का मौका है, तो कांग्रेस के लिए अपने दो विधायकों वाले दबदबे को बरकरार रखने की चुनौती है। इस पूरे मुकाबले को सबसे ज्यादा रोचक बनाया है वार्ड नंबर 24 से किशनगढ़ बास के पूर्व विधायक रामहेत यादव के पुत्र सतीश यादव की एंट्री ने। रामहेत यादव को किशनगढ़ बास क्षेत्र मेंयादव वोटों में मजबूत पकड़ रखने वाला नेतामाना जाता है। उनकी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से नजदीकी जगजाहिर है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सतीश यादव सिर्फ जिला परिषद सदस्य बनने के लिए नहीं, बल्कि सीधे जिला प्रमुख की कुर्सी के लिए चुनाव मैदान में हैं। उनके आने से कांग्रेस के दो विधायकों वाले समीकरण में भी सेंध लगने की संभावना बढ़ गई है।

खेत जोतने को लेकर बढ़ा विवाद, बुजुर्ग की मौत

टोंक(निसं)। देवली के नासिरदा थाना क्षेत्र के भगवानपुरा गांव में गुरुवार को खेत में जुताई को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि मारपीट कर उनकी हत्या की गई है। नासिरदा थाना प्रभारी ने बताया कि रामेश्वर के बेटे मनोज कुमार खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे, तभी विवाद हुआ।

परिजनों के अनुसार, पास के खातेदार हंसराज धाकड़ और उनकी पत्नी संजू धाकड़ ने मनोज और रामेश्वर के साथ मारपीट की, इस दौरान रामेश्वर धाकड़ पुत्र कल्याण धाकड उम्र 58 साल जो मारपीट के बाद तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए। परिजन उन्हें देवली अस्पताल ले गए, जहां डॉ. कपिल गौतम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी ली है और जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल की जांच के लिए मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट और एफएसएल टीम को बुलाया जाएगा।

धर्मकांटों की जांच तेज, असत्यापित कांटे पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला

सवाई माधोपुर, (निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार जिले में धर्मकांटों की जांच के लिए 23 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विधिक माप विज्ञान अधिकारी अशोक मित्तल ने बताया कि अभियान के तहत गंगापुर सिटी एवं बौंली क्षेत्र में कुल छह धर्मकांटों का निरीक्षण कर तौल उपकरणों के सत्यापन एवं नियमानुसार संचालन की जांच की गई। बौंली क्षेत्र में एक असत्यापित धर्मकांटे के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।

- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के निर्देश पर विशेष अभियान, गंगापुर सिटी और बौंली क्षेत्र में 6 धर्मकांटों का निरीक्षण

उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी क्षेत्र में गोपाल धर्मकांटा, देवड़ी धर्मकांटा एवं त्रिवेणी धर्मकांटा का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान तीनों धर्मकांटों का संचालन विभागीय नियमों के अनुरूप पाया गया। वहीं बौंली क्षेत्र में प्रसिद्धि कन्स्ट्रक्शन धर्मकांटा, दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड एवं पटेल कम्प्यूटरीकृत धर्मकांटे की जांच की गई। इस दौरान एक असत्यापित धर्मकांटे पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। उन्होंने जिले के सभी धर्मकांटा संचालकों से उपयोग में लिए जा रहे तौल उपकरणों का निर्धारित समय पर सत्यापन करवाने तथा संबंधित प्रमाण-पत्र नियमानुसार प्रदर्शित करने की अपील की। साथ ही स्पष्ट किया कि जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

ईवीएम का द्वितीय रैंडमाइजेशन सम्पन्न

कोटपूतली(निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में द्वितीय चरण के लिए ईवीएम का द्वितीय स्तरीय रैंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया निर्धारित निर्वाचन प्रावधानों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से संपन्न की गई।

द्वितीय स्तरीय रैंडमाइजेशन के माध्यम से द्वितीय चरण के मतदान हेतु जिला परिषद एवं पंचायत समितियों के लिए मतदान केंद्रों हेतु ईवीएम का आवंटन किया गया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदान कार्य में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के तहत रैंडम रूप से आवंटित करना तथा निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। रैंडमाइजेशन के दौरान सभी आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया।

पावटा : सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग का कब्जा, जाम से लोग बेहाल

ट्रैफिक व थाना पुलिस की नियमित कार्रवाई के अभाव में बढ़ी समस्या, स्कूली बच्चे भी रोज हो रहे परेशान

पावटा(निसं)। उपखंड मुख्यालय पावटा में यातायात व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। कस्बे की सर्विस रोडों पर अवैध पार्किंग, भारी वाहनों की आवाजाही और यातायात नियमों की अनदेखी के चलते प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। आम राहगीरों, व्यापारियों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस एवं प्रागपुरा थाना पुलिस की ओर से नियमित और प्रभावी यातायात अभियान तथा अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने से समस्या लगातार विकराल होती जा रही है। कस्बे में बैंक, कोचिंग संस्थान, निजी अस्पताल और अन्य बड़े प्रतिष्ठानों के बाहर दिनभर वाहनों का

- पालिका प्रशासन अवैध पार्किंग को लेकर बैठा आंखे मूंद

जमावड़ा लगा रहता है। अधिकांश स्थानों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राहक और आगंतुक अपने वाहन सड़क किनारे ही खड़े कर देते हैं, जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं और यातायात बाधित रहता है।

पावटा की अधिकांश सड़कें पहले से ही संकरी हैं। ऐसे में सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग ने हालात और खराब कर दिए हैं। चौपहिया वाहन प्रवेश करते ही यातायात रेंगने लगता है और कई बार लंबा जाम लग जाता है। दिनभर बजते हॉर्न और अव्यवस्थित यातायात से स्थानीय लोग भी परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। सुबह स्कूल खुलने और दोपहर छुट्टी के समय जाम की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूल बसों, वैन और अभिभावकों के वाहनों के जाम में फंसने से कई बार मासूम बच्चों को घंटों तक सड़क पर इंतजार करना पड़ता है। तेज धूप, उमस और प्रदूषण के बीच बच्चों को होने वाली यह परेशानी अभिभावकों के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। कस्बे की सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण लोगों को मजबूरन मुख्य सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

सांभर में करोड़ों खर्च होन के बाद भी पर्यटन का वैभव नहीं लौटा

सांभरझील, (निसं)। केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से सांभर के प्रमुख ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार, रखरखाव व उनकी वास्तविक खूबसूरती को लौटाने के लिए विगत 10 सालों में 150 करोड रुपए से अधिक खर्च किए जाने के बावजूद परिणाम आशानुकूल नहीं निकल सके। अलग-अलग वर्षों में पर्यटन और पुरातत्व विभाग द्वारा करवाए गए कार्यों का समय-समय पर मॉनिटरिंग का अभाव भी एक प्रमुख वजह बताई जा रही है। यह भी सामने आया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस काम का जिम्मा सीधे सरकार के लेवल से होना बता कर अपनी वास्तविक भूमिका को पूरी तरह से नष्ट ही कर दिया। नतीजा यह हुआ विभाग ने जिस एजेंसी को इन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए नियुक्त किया था उसमें भरपूर लीपा पोती नही की गई हो ऐसा

- प्रमुख धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के लिए अब तक 150 करोड़ से अधिक खर्च

कह पाना बेहद ही मुश्किल है। कुछ उदाहरण तो संतोषजनक स्थिति में माने जा सकते हैं, लेकिन ऐसा सभी पर मापदंडों के अनुरूप कार्य हुआ हो यहां के हालत को देखकर कोई भी तकनीकी जानकार सहजता से अंदाजा लगा सकता है। अब आपको यह बता दें कि 2014-15 में केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना शुरू हुई और सांभर लेक टाउन को राजस्थान के पर्यटन सर्किट में शामिल किया गया। सांभर लेक टाउन के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृति का उल्लेख है।

रामलीला लोगों की आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है : रामसहाय वर्मा

रामलीला में भगवान श्रीराम के राजतिलक महोत्सव का आयोजन हुआ।

निवाई(निसं)। प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में व आर्यवीर कलाकार रंगमंच संस्थान द्वारा आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम के राजतिलक महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिकाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया व भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती करके उनका राजतिलक किया गया। मंच पर जैसे ही भगवान श्रीराम का राजतिलक हुआ, पूरा वातावरण श्रद्धा एवं भक्ति के रस में सराबोर हो उठा। श्रीराम के राजतिलक को देखने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान जनसमूह ने प्रभु जय श्रीराम व वीर बजरंगी जय हनुमान के गगनभेदी जयकारे लगाए। जिससे प्रताप स्टेडियम परिसर सहित आसपास का वातावरण गुंजायमान हो गया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। जो हमारी संस्कृती एवं परम्पराओं में शामिल है। रामलीला हमारे पूर्वजों का अनुपम तौहफा है। जो देश की संस्कृती को दर्शाता है। रामलीला मर्यादा के आदर्शों को जीवंत बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। उन्होने कहा कि रामलीला में लोगों की भीड़ का उमड़ना भगवान की आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है। शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने बताया कि दशहरा महोत्सव के अगले चरण में शुक्रवार को भजन सम्राट प्रकाश माली बालोतरा द्वारा वीरों की शौर्य गाथा एवं देशभक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी एवं शनिवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। कवि सम्मेलन में अनिल चौबे, शशिकांत यादव, अमन अक्षर, श्रीवास्तव, गौरव चौहान, सोनरूपा विशाल, मुकेश मोलवा, अर्जुन अल्हड़, सोनल जैन, महेश डांगरा एवं कन्हैया शर्मा सहित देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे।

खटवा क्षेत्र में अवैध हथकड़ शराब की भट्टियों पर पुलिस की दबिश

3 हजार लीटर कच्चा वॉश नष्ट, 4 लीटर हथकड़ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

लालसोट(निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के बीच अवैध हथकड शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लालसोट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खटवा गांव की बागड़ी की ढाणी के आसपास सुनसान नालों में संचालित अवैध शराब की भट्टियों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने मौके से करीब 3000 लीटर कच्चा वॉश नष्ट किया और 4 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया। सुनसान स्थानों पर जमीन में गाड़े गए ड्रमों में शराब बनाने का कच्चा माल भरकर रखा गया था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर भट्टियों को नष्ट किया तथा शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले ड्रम, पीपे और अन्य उपकरणों को भी नष्ट कर दिया।

जमीन में गाड़ रखे थे कच्चे वॉश से भरे ड्रम: पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर को अवैध हथकड़ शराब

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर भट्टियों को नष्ट किया तथा शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले ड्रम, पीपे और अन्य उपकरणों को भी नष्ट किया।

- अवैध हथकड़ शराब के निर्माण और कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से खटवा गांव तथा बागड़ी की ढाणी के आसपास दबिश दी गई

के निर्माण और कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से खटवा गांव तथा बागड़ी की ढाणी के आसपास दबिश दी गई। गांव से दूर नालों में सुनसान जगहों पर अवैध शराब बनाने की भट्टियां संचालित होने का पता चला। कार्रवाई के दौरान करीब 250-250 लीटर क्षमता वाले 10 प्लास्टिक ड्रमों और पीपों में भरा लगभग 3000 लीटर कच्चा वॉश नष्ट किया गया।

मौके से रमेशचंद पुत्र सांवलाराम मीणा निवासी बागड़ी की ढाणी, खटवा को 4 लीटर अवैध हथकड़ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है तथा इस कारोबार में संलिप्त अन्य अज्ञात व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश और दौसा जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद सीपा के सुपरविजन तथा लालसोट वृत्ताधिकारी सत्यनारायण के नेतृत्व में की गई। लालसोट थाना प्रभारी हरलाल मीणा सहित पुलिस टीम ने दबिश देकर अवैध भट्टियों और शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को नष्ट किया।